स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**Department of Posts**
भारतीय डाक विभाग
**O/o Superintendent of Post offices**
कार्यालय अधीक्षक डाकघर
**Banda Division – 210001**
बांदा मण्डल – 210001

भारतीय डाक
India Post

सेवा मे,

पोस्ट मास्टर जनरल
क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर -208001

पत्रांक: SB /सीसी ब्रिज NSC/हमीरपुर /24-25 स्थान बांदा दिनाँक 01.07.2025

विषय : शिकायतकर्ता श्री योगी एम पी सिंह द्वारा पी जी पोर्टल पर की गयी शिकायत व अपील के संबंध मे ।।

संदर्भ : अपील संख्या DPOST/C/A/25/0002616
अपील संख्या DPOST/C/A/25/0002704

*******************************************

महोदय,

उपरोक्त विपयांकित प्रकरण में सादर अवगत कराना है कि डाकपाल प्रधान डाकघर हमीरपुर के द्वारा अवगत कराया गया था कि बचत पत्रो के,निस्तारण हेतु कुछ बचत पत्र मझगवा उपडाकघर से बिना निर्धारित कार्यवाही पूर्ण किए प्राप्त हुए थे जो कि सीसी ब्रिज शाखा द्वारा त्रुटिवश भुगतान किए हुए बचत पत्रों के साथ मिलकर बिना भुगतान हुए ही सीसी ब्रिज में फीड कर डाक लेखा कार्यालय लखनऊ भेज दिये गए थे। वास्तव में इन बचत पत्रो को मैनुअल भुगतान हेतु SB Order 18/2023 के तहत मंडलीय कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा जाना था किन्तु ये बचत पत्र डिस्चार्ज हुए बचत पत्रो के साथ मिल गए और सीसी ब्रिज में त्रुटिवश फीड कर रिटर्न के साथ डाक लेखा कार्यालय लखनऊ को प्रेषित कर दिये गए थे । उक्त बचत पत्रों का विवरण निम्नवत है –

| Sr no | Reg no | certificate no | name | amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | KVP 2630 | 02PB077965-66 | Arunveer & gayatri Devi | 10000/- |
| 2 | KVP2645 | 02PB078072 | Anjali | 5000/- |
| 3 | KVP 2629 | 02PB077961-64 | Deependra Singh & neelam Devi | 40000/- |
| 4 | KVP 2627 | 02PB077939-58 | Sahil | 100000/- |
| 5 | KVP 2626 | 02PB077919-38 | Raunak | 100000/ |
| 6 | KVP 2624 | 02PB077909-14 | Sarju Devi | 30000/- |
| 7 | NSC 10YR 283 | 46BD346730-39 | Anil Kumar | 50000/- |
| 8 | KVP 2628 | 02PB077959-60 | Bali Mohammad | 10000/- |
| 9 | KVP 2619, 2623, 2625 | 40CE450486-89, 02PB077901-08, 02PB077915-18 | Ram Prasad | 100000/- |
| 10 | NSC 249-50 | 99EE590661-66 | Premchandra | 60000/- |

Department of Posts
भारतीय डाक विभाग
O/o Superintendent of Post offices
कार्यालय अधीक्षक डाकघर
Banda Division – 210001
बांदा मण्डल – 210001

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

भारतीय डाक
India Post

अग्रिम कार्यवाही में पत्रांक SB /सीसीब्रिज NSC / मझगाँव / हमीरपुर/ 2022-23 दिनांक 26.11.2024 के माध्यम से महाप्रबंधक (वित्त) डाक लेखा कार्यालय उ.प्र. परिमण्डल अलीगंज लखनऊ-226024 से उक्त बचत पत्रों की मूल प्रति के वापसी के संबंध में अनुरोध किया गया था इसी क्रम में लेखाधिकारी सी. सी. अनुभाग के पत्रांक सी. सी. - 11/ विधिक पत्राचार/ मांग-पत्र आपूर्ति / डी-676 दिनांक 13.12.2024 के माध्यम से अवगत कराया गया कि उक्त वर्णित बचत पत्रों के मूल वाउचर को ढूंढ लिया गया है लेकिन उन्हे मूलरूप मे भेजने हेतु माननीय डाकमहाध्यक्ष महोदय के अनुमति-पत्र की आवश्यकता है जिसे उपलब्ध कराकर मूल वाउचर प्राप्त किए जा सकते है। अग्रिम कार्यवाही मे पत्रांक SB /सीसीब्रिज NSC / मझगाँव / हमीरपुर/ 2022-23 दिनांक 16.05.2025 के द्वारा अनुरोध किया गया था कि उक्त बचत पत्रो की मूल प्रति वापस करने हेतु माननीय डाक महाध्यक्ष महोदय की अनुमति लेकर महाप्रबंधक (वित्त) डाक लेखा कार्यालय उ. प्र. परिमण्डल अलीगंज लखनऊ-226024 को प्रेपित करने की कृपा करे जिससे बचत पत्र धारको की शिकायत का निस्तारण किया जा सके। जिसके जवाव मे आपके पत्रांक Budget /CC Return/2022/L dated at Kanpur the 26.05.2025 के माध्यम से मूल वाउचर को वापिस भेजने हेतु माननीय डाकमहाध्यक्ष महोदय के अनुमति-पत्र की आवश्यकता के संबंध मे नियमावली मांगी गई है।

प्रकरण मे उक्त मामले की जांच महायक अधीक्षक डाकघर हमीरपुर उपमण्डल के माध्यम से कराई गई जांच रिपोर्ट के अनुसार श्री जयपाल तत्कालीन डाक सहायक प्रधान डाकघर हमीरपुर और श्री रोहित कुमार तत्कालीन ए पी एम एसबीएचओ हमीरपुर वर्तमान मे उपडाकपाल रागौल उपडाकघर की जिम्मेदारी निर्धारित की गई।

प्रकरण में इस कार्यालय के द्वारा उक्त दोनों कर्मचारियों के विरुद्ध नियम 16 का आरोप पत्र जारी करने हेतु आदेश दिया गया है।

प्रकरण मे इस कार्यालय के पत्रांक SB /सीसीब्रिज NSC / मझगाँव / हमीरपुर/ 2022-23 दिनांक 06.06.2025 के माध्यम से वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय जनरल मैनेजर (वित्त) डाक लेखा कार्यालय उ. प्र. परिमंडल अलीगंज लखनऊ के लिए पत्राचार किया गया जिसमे उनसे मूल वाउचर को वापिस भेजने हेतु माननीय डाकमहाध्यक्ष महोदय के अनुमति-पत्र की आवश्यकता के संबंध मे नियमावली उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया। लेकिन उक्त नियमावली के संबंध मे वांछित सूचना एवं मूल बचत पत्र उक्त कार्यालय से अप्राप्त है। जिस कारण मामले मे अग्रिम कार्यवाही करने मे विलंब हो रहा है।

शिकायत के निस्तारण हेतु सूचना सेवा मे प्रेपित है।

संलग्नक :- यथोक्त।

अधीक्षक डाकघर
प्रखण्ड बांदा, बांदा-210001

प्रतिलिपिः- वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय जनरल मैनेजर (वित्त) डाक लेखा कार्यालय उ. प्र. परिमंडल अलीगंज लखनऊ - 226024 को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेपित है।

अधीक्षक डाकघर
प्रखण्ड बांदा, बांदा-210001